स्मारिका 2004

# उत्तरांचल

# श्रम-संकल्प

## गणतंत्र दिवस-2004

श्रमिकों का राष्ट्रीयकरण

राष्ट्र का औद्योगीकरण-उद्योगों का श्रमिकीकरण

**भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल**

# उत्तरांचल
# श्रम–संकल्प

## गणतंत्र दिवस

## (26 जनवरी 2004)

संरक्षक
डी. डी. शर्मा, काठगोदाम
सुन्दर लाल उनियाल, देहरादून
कमलेश श्रीवास्तव, देहरादून
हरीश तिवारी, हरिद्वार
पूरण सिंह बिष्ट, अल्मोड़ा

: सम्पादक :
**एस. के. डबराल**

सहयोग
✦ कु० बसंती शाही ✦ श्री केवलानन्द सांगुडी
✦ श्री रमेश चन्द्र जोशी ✦ श्री सुरेन्द्र प्रसाद ✦ श्री विरेन्द्र देवरा
✦श्री एस० एस० चौहान ✦ श्री देवदत्त आर्य

**भारतीय मजदूर संघ ,उत्तरांचल प्रदेश**
32, चकराता रोड, देहरादून दूरभाष : ☎ (0135) 2650913

# उत्तरांचल के शहीदो के प्रति श्रद्धा सुमन



भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल प्रदेश के समस्त कार्यकर्त्ता,
उत्तरांचल आन्दोलन में शहीदों अमर हुतात्मा बन्धुओं-बहिनों को
कोटि कोटि नमन एवं श्रद्धा सुमन अर्पित करते है।
उत्तरांचल वासी सदैव उनका स्मरण करते हुए
उनके बलिदान से प्रेरणा लेते रहेंगे ।

**भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल परिवार**

हीरा सिंह बिष्ट
मंत्री
परिवहन, तकनीकी शिक्षा
श्रम, सेवायोजन एवं प्रशिक्षण

उत्तरांचल सरकार

विधान सभा भवन,
देहरादून

दूरभाष : 2665111 (कार्यालय)
2746285 (आवास)
फैक्स : 2665880

दिनांक 12-1-2004

## सन्देश

मुझे यह जानकर अत्यन्त प्रसन्नता हो रही है कि गणतंत्र दिवस, 2004 के अवसर पर भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल द्वारा "उत्तरांचल श्रम–संकल्प" नामक स्मारिका का प्रकाशन किया जा रहा हैं।

आज व्यापार के वैश्वीकरण का दौर है तथा जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ता है। समय की मांग है कि देश के सभी श्रमिक संगठनों, श्रमिकों तथा प्रशासन के बीच सार्थक सम्वाद स्थापित हो जिससे श्रमिकों के हितों की रक्षा के साथ–साथ राष्ट्र निर्माण का कार्य निर्बाध गति से चलता रहे और हम अपने राष्ट्र को विकसित देशों की श्रेणी में लाकर खड़ा कर सकें। मैं समाज के प्रत्येक वर्ग से आशा करता हूँ कि वे राष्ट्र निर्माण में सार्थक सहयोग देंगे।

"उत्तरांचल श्रम–संकल्प" के सफल प्रकाशन के लिये मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

आपका,

(हीरा सिंह बिष्ट)

श्री एस0 के0 डबराल,
प्रदेश उपाध्यक्ष,
भारतीय मजदूर संघ,
32, चकराता रोड़,
देहरादून।

## हरबंस कपूर

पूर्व राज्य मंत्री, उ0 प्र0
पूर्व मंत्री, उत्तरांचल

विधायक, उत्तरांचल

निवास :
41, खुड़बुड़ा, देहरादून
दूरभाष : 2628322




# संदेश

मुझे यह जानकर अत्यन्त हर्ष की अनुभूति हो रही है कि भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल के अथक प्रयासों द्वारा गणतन्त्र दिवस 2004 के पावन अवसर पर "उत्तरांचल श्रम संकल्प" नामक स्मारिका का प्रकाशन होने जा रहा है।

मेरी हार्दिक शुभकामनायें स्वीकार करें।

आशा है स्मारिका में जहां एक ओर 'श्रमिक' बन्धुओं की समस्याओं एवं उनके समाधान पर प्रकाश डाला जायेगा वही राष्ट्रीय उत्पादन को किस प्रकार अधिक से अधिक किया जा सके इस बारे में भी चिन्तन अवश्य किया जायेगा।

इस अवसर पर भारतीय मजदूर संघ के समस्त पदाधिकारियों एवं सदस्यों को गणतन्त्र दिवस एवं नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं सहित।

(हरबंस कपूर)
3.12.2003

बची सिंह रावत
BACHI SINGH RAWAT



राज्य मंत्री
विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
भारत सरकार, नई दिल्ली-110003
MINISTER OF STATE FOR
SCIENCE & TECHNOLOGY
GOVERNMENT OF INDIA,
NEW DELHI-110003

सत्यमेव जयते

# संदेश

**मु**झे यह जानकर अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि श्रमिकों की सेवा के लिए समर्पित **भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल, 32, चकराता रोड़, देहरादून, उत्तरांचल** पिछले कई वर्षों से बड़े उत्साह के साथ श्रमिकों की सेवा में जुटा है तथा संघ द्वारा गणतंत्र दिवस-2004 के उपलक्ष्य में " **उत्तरांचल श्रम-संकल्प** " नामक **तृतीय स्मारिका** का प्रकाशन करने जा रहा है । आशा करता हूँ कि स्मारिका में उत्तरांचल के विकास की अपार संभावनाओं पर बुद्धिजीवियों के विचारों व लेखों के साथ-साथ अनेक सामाजिक व सांस्कृतिक लेखों को भी समुचित स्थान दिया जाएगा ।

**मु**झे पूर्ण विश्वास है कि **भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल** भविष्य में भी और अधिक उत्साह के साथ श्रमिकों की सेवा में समर्पित रहेगा तथा अपने समाज सेवा कार्यक्रम को जारी रखेगा और यह स्मारिका उसकी उपलब्धियों और कार्य-कलापों को जन-जन तक पहुंचाने में सफल होगी ।

**भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल के सभी कर्मचारियों/सदस्यों को नव वर्ष-2004 की हार्दिक शुभकामनाएं ।**

(बची सिंह रावत)



# सम्पादक की ओर से

"उत्तरांचल श्रम संकल्प" आज तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अपनी इस तीसरी वर्षगांठ पर जहाँ एक ओर भारतीय मजदूर संघ उत्तरांचल की यह स्मारिका आप सभी महानुभावों के सक्रिय सहयोग से कृतार्थ है, वहीं दूसरी और उन सभी श्रम संगठनों के प्रति श्रद्धा का भाव एवं आभार प्रदर्शित भी करती है जो संघ की विचारधारा अपनाते हुये इस दौरान भारतीय मजदूर संघ से जुड़े। इस पर्वतीय प्रदेश में निरंतर हो रही अपनी संगठनात्मक प्रगति एवं वैचारिक प्रसार के पीछे, अपने सहृदय पाठकगण, मित्रवत हितैषी एव पितृवत स्नेही अन्यान्य सहयोगी तथा श्रमिक क्षेत्र के अपने समर्पित कार्यकर्त्ताओ का ही आर्शीवाद एवं पथ–प्रदर्शन रहा है।

त्याग, तपस्या और बलिदान की इस त्रिसूत्रि को अपने कार्य का आधार बना भारतीय मजदूर संघ आगामी वर्ष 2005 में अपनी स्थापना के पचास वर्ष पूर्ण करने जा रहा है। पचास वर्षो की इस लम्बी एवं प्रभावशील यात्रा के दौरान भारतीय मजदूर संघ ने राष्ट्र के प्रथम क्रमांक के केन्द्रीय श्रम संगठन होने का सौभाग्य प्राप्त किया, जिस पर हमें गर्व नही, गौरव है।

इसी प्रकार आप अपना आशीर्वाद एवं सहयोग हमें देते रहें ताकि आपकी, श्रमिक जगत की तथा समाज एवं राष्ट्र की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का प्रयास हमारे द्वारा होता रहे। धन्यवाद।

दिनांक 26 जनवरी, 2004

(एस. के. डबराल)
प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल

राष्ट्र हित ! उद्योग हित !! श्रमिक हित !!!

# प्रदेश महामन्त्री की ओर से



मान्यवर,

भारतीय मजदूर संघ आज अपने पथ पर अग्रसर है, इस कारण श्रमिक क्षेत्र में राष्ट्रवाद की भावना प्रबलता से बढ़ रही है। राष्ट्र के प्रति प्रत्येक श्रमिक अपने–अपने श्रेत्र में एकता के सूत्र में बंधने का प्रयास कर रहा है। आज स्थिति बदल रही है। नये–नये विषयों का समावेश हो रहा है, जिनका ज्ञान होना भी प्रत्येक श्रमिक के लिये अति आवश्यक है। आज पर्यावरण प्रदूषण को रोकने को सरकार एवं कार्य–लक्षी वैज्ञानिक अपना दायित्व समझ रहे हैं। पर्यावरण को रोकने हेतु सभी प्रबुद्ध व्यक्ति इस ओर अग्रसर है। पर्यावरण संरक्षण एवं जन चेतना हेतु विश्वव्यापी विचारों का समर्थन हो रहा है।

अनुशासन का अभाव, पर्यावरण में गिरावट आने का प्राथमिक कारण है । अधिक सुविधाओं को जुटाने के प्रयास में हम उलझते जा रहे है। जिससे संगठन भी पर्यावरण की भांति प्रभावित हो रहे है तथा संगठन में पारस्परिक सौहार्द पूर्ण स्नेह भी घट रहा है। हमें सजग रहना पड़ेगा।

जनसंख्या मानव व्यवस्थापन, परिवहन, ऊर्जा संसाधन व विकास कुछ महत्वपूर्ण मापक है, जो भारत की पर्यावरणनीति को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से प्रभावित करते है, वास्तव में इन सभी नीतियों में एक सामान्य अन्तर्सम्बध्ता होती है एवं एक दूसरे को प्रभावित भी करती है। मानव की विकास व प्रकृति से सम्बद्धता रही है। कई सामान्य समस्याओं का सामना समाज को करना पड़ रहा है। समाज तीव्र गति से परिवर्तित हो रहा है जिसका सीधे–सीधे हमारे जीवन पर असर पड़ता है हमें सत्य, ज्ञान, गुण सौन्दर्य व सौहार्दपूर्ण वातावरण को प्रस्तुत करना होगा जिससे विज्ञान, दर्शन, रहस्यवाद, नैतिकता साहित्य, कला के माध्यम से हमारे समाज को संतुष्टि प्राप्त हो सके।

संगठन को सुदृढ़ करने हेतु हमें नया दृष्टिकोण अपनाना होगा। शहरों, कस्बों एवं ग्रामों में जाकर व्यक्तिगत सम्पर्क कर, कल कारखानों में जाकर जन जागरण अभियान करके स्वदेशी भावना को जाग्रत करना पड़ेगा जिससे उद्योग बचे और श्रमिकों का अहित न हो, उनके हृदय में ज्ञान का भण्डार भरना होगा, तभी संगठन को बचाया जा सकता है। इसलिये तो भारतीय मजदूर संघ सदैव से इस दिशा में समाज को शिक्षित, कर्त्तव्यनिष्ठा एवं स्नेह को जाग्रत करता आ रहा है।

मुझे आशा है कि आप अपने कठिन परिश्रम तथा कार्य के प्रति समर्पण की भावना, उद्योग के प्रति सजग एवं असामाजिक तत्वों का विरोध जो संगठन के लिये हानिकारक होते है, उन्हें अपने जीवन में नहीं पनपने देगे, तभी हम राष्ट्र के प्रति कर्त्तव्यनिष्ठ कहलाने वाले कार्यकर्त्ता कहलाये जायेंगे।

नववर्ष 2004 की शुभ कामनायें। संघ नेतृत्व की दूरगामी सोच ही भारतीय मजदूर संघ की सफलता का कारण है। 'धन्यवाद'

आपका शुभ चिन्तक<br>
(सुन्दर लाल उनियाल)<br>
प्रदेश महामंत्री<br>
भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल

# भारतीय मजदूर संघ एक नजर में

भारतीय मजदूर संघ, भारतीय संस्कृति के आधार पर चलने वाला श्रम संघ है जिसकी सदस्यता देश की मान्यता प्राप्त श्रम संघों में सर्वाधिक है। यह गैर राजनैतिक है तथा इसका मूल उद्देश्य देश में श्रमिकों का राष्ट्रीयकरण, राष्ट्र का औद्योगिकरण तथा उद्योगों का श्रमिकीकरण करना है। देश के हित में करेंगें काम, काम के लेंगे पूरे दाम, राष्ट्र भक्त मजदूरों–एक हो–एक हो आय विषमता समाप्त हो एक दस अनुपात हो आदि 20 निश्चित नारे व कुछ गीत जैसे –

1. आओ मिलकर करे प्रतिज्ञा, भारत के सम्मान की,
   फिर से वैभव हो दुनिया में जय हो हिन्दुस्तान की।
2. चन्दन है इस देश की माटी, तपोभूमि हर ग्राम है।
   हरबाला देवी की प्रतिमा, बच्चा बच्चा राम है।
3. मानवता के लिए उषा की किरण जगाने वाले हम।
   शोषित पीड़ित दलित जनों का भाग्य बनाने वाले हम।।

आदि इसकी विचारधारा के परिचायक है।

वर्ष 1982 में ही इसके संस्थापक मा० दत्तोपंत ठेंगड़ी जी ने देश की सरकार को स्पष्ट कर दिया था कि देश आर्थिक गुलामी की ओर जा रहा है इससे सावधान होने की आवश्यकता है। लेकिन वर्ष 1992 में बिना लोक सभा में विषय की चर्चा किये तत्कालीन मा० नरसिंहाराव जी की सरकार ने देश को विश्व व्यापार संगठन में सम्मिलित कर विकसित राष्ट्रों के हवाले कर दिया जिसके दुष्परिणाम धीरे–धीरे आज हमारे सामने आ चुके है। बेरोजगारी, छटनी, वी०आर०एस० अनिवार्य सेवा निवृत्ति, उद्योग बन्दी, मालिकों के हित में श्रम कानूनों में परिवर्तन, स्वदेशी उत्पाद में गिरावट, खुली आयात नीति तथा कृषि क्षेत्र में आत्म हत्यायें, जैसी गम्भीर परिस्थिति हमारे सामने मुँह बाये खड़ी है।

भारतीय मजदूर संघ ने 20 अप्रैल 1993 को दिल्ली में रैली आयोजित कर तत्कालीन मा० प्रधानमंत्री जी से डब्लू०टी०ओ० के दस्तावेजों पर हस्ताक्षर न करने का संदेश दिया लेकिन बात नहीं मानी गई। हमारे सकल घरेलू उत्पाद का पेटन्ट विदेशी कम्पनियों के पक्ष में होने लगा, हमने प्रदेश, जिला तहसील स्तर तक इसका खुलकर विरोध किया। इसके विरोध में जन मानस तैयार करने के क्रार्यक्रम किये। 16 अप्रैल 2001 को पुनः देहली में विराट रैली आयोजित कर वर्तमान सरकार को विकासशील राष्ट्रो का अलग विश्व व्यापार संगठन बनाये जाने का संदेश दिया हमारे सतत् प्रयासों

एवं प्रबल इच्छा शक्ति के आधारों पर ही वर्ष 2003 में देश की सरकार ने 20 राष्ट्रों का इस पक्ष में मत प्राप्त कर विकसित राष्ट्रों के समक्ष उनके मनसूबों पर गतिरोध उत्पन्न करने में कामयाबी हासिल कर देश में आम जनता के समक्ष प्रमाणित कर दिया है कि भारतीय मजदूर संघ का संघर्ष देश के हित में है। आवश्यकता इस बात की है हम अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अपने कार्य संस्कृति में गुणवत्ता लावें और विश्व में अपना स्थान प्राप्त करें।

उत्तरांचल गठन से पूर्व अपना कार्य यद्यापि यहां विद्यमान था लेकिन आज अवसर है कि अपना कार्य का विस्तार प्रत्येक जनपद ब्लाक तथा तहसील स्तर तक पहुंचे इसके लिए मजदूर संघ की स्वर्णजयन्ती राष्ट्रीय अधिवेशन 2005 तक संगठन के विस्तार के अनेक कार्यक्रम निश्चित किये गये है। हमने आंगनवाड़ी तथा इ०डी० कर्मचारियों के बीच संगठनात्मक कार्य क्रम लेकर परिवार की इकाई तक अपने विचार को पहुँचाने का निर्णय लिया है। उद्योगों में अपना कार्य खड़ाकर राष्ट्र विरोधी तत्वों का हतोत्साहित किया है। असंगठित क्षेत्र में अपना काम बढ़ा है। उन्हें सामाजिक सुरक्षा के लाभ पहुंचाने के लिए श्रमिक शिक्षा बोर्ड के माध्यम से अनेक स्थानों पर कार्यक्रम लिये है।

वर्तमान में अपना कार्य सम्पूर्ण उत्तरांचल में चल रहा है। 13 जनपदों में से 9 जनपदों में जिला इकाई गठित है। तथा 4 जनपदों में संयोजक नियुक्त है। 96 पंजीकृत यूनियनों को लेकर अनुमानित 1,15,000 की सर्वाधिक सदस्य संख्या है। कार्य की दृष्टि से अपना कार्य देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल तथा अल्मोड़ा 4 क्षेत्रों में विभक्त है जिसका दायित्व क्षेत्र प्रमुखों को सौंपा गया है। यद्यपि शिक्षकों/राज्य कर्मचारियों में अपना कार्य कम है फिर भी केन्द्रीय कर्मचारियों, प्रमुख उद्योगों तथा निगमों में अपना कार्य काफी आगे है। हमने अपने कार्य विस्तार की दृष्टि से उद्योग प्रमुखों का दायित्व दिया है। न्यूनतम वेतन कमेटी, संविदा सलाहकार बोर्ड तथा कर्मचारी भविष्य निधि कमेटी में अपने विशिष्ट कार्यकर्ताओं को प्रतिनिधित्व प्राप्त है।

हमने तीन दिवसीय प्रदेश स्तरीय अभ्यासवर्ग हरिद्वार में आयोजित कर अपने कार्यकर्ताओं को बी०एम०एस० की कार्य नीति तथा लक्ष्य प्राप्ति हेतु सामाजिक दायित्व का बोध कराया है।

हमारा विचार मजदूरों, छात्रों, नौजवानों तथा किसानों में तेजी से बढ़ रहा है जो सामाजिक परिवर्तन लाने में सक्षम होगा तथा देश को नई दिशा देगा।

डी०डी० शर्मा

प्रदेश अध्यक्ष

राष्ट्र हित ! उद्योग हित !! श्रमिक हित !!!

# भारतीय मजदूर संघ, उत्तरांचल
# Bhartiya Mazdoor Sangh, Uttaranchal

## भारतीय मजदूर उत्तरांचल प्रदेश कार्य समिति 2003–2004 तक

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अध्यक्ष | श्री डी० डी० शर्मा | – | श्रमिक बस्ती, शीशमहल, काठगोदाम<br>जिला–नैनीताल<br>दूरभाष सं०–04946–266915 |
| 2. | उपाध्यक्ष | श्री एस० के० डबराल | – | 45/2 कैनाल रोड़, के०सी० पब्लिक<br>स्कूल के सामने जाखन, राजपुर रोड, देहरादून<br>दूरभाष सं०– 0135– 2734744, मो० 9837277079 |
| 3. | उपाध्यक्ष | कु० बसन्ती शाही | – | बाल विकास एवं पुष्टाहार केन्द्र<br>गर्मपानी जिला–नैनीताल<br>दूरभाष सं०– 05942–245582 |
| 4. | उपाध्यक्ष | श्री रमेश जोशी | – | 6/49 तल्ली बमौरी, मुखानी<br>हल्द्वानी, जिला–नैनीताल<br>दूरभाष सं०– 05942–225962 |
| 5. | उपाध्यक्ष | श्री बी०एन० प्रसाद | – | एन०एच०पी०सी० कालोनी निगाल पानी,<br>धारुचूला पिथौरागढ़<br>दूरभाष सं० – 059672–24262 |
| 6. | महामन्त्री | श्री सुन्दर लाल उनियाल | – | 21, अजबपुर खुर्द, देहरादून<br>दूरभाष सं०–0135–2627002, 9837224595 (मो.) |
| 7. | प्रदेश मन्त्री | श्री कमलेश श्रीवास्तव | – | निकट धर्मपुर चौक, नजदीक बहुगुणा<br>पान के सामने वाली गली में, देहरादून<br>दूरभाष सं०–0135–2650113 कार्या<br>मोबाइल – 9412059700 |
| 8. | प्रदेश मन्त्री | श्री हरीश तिवारी | – | क्वार्टर नं० 147, टाइप–III–सेक्टर<br>नं०–1 भेल, रानीपुर, हरिद्वार<br>दूरभाष सं०–01334–222104 (नि०)<br>मोबाइल – 9837307771 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 9. | प्रदेश मन्त्री | श्री पूरण सिंह बिष्ट | – | सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय उत्तरांचल परिवहन निगम अल्मोड़ा दूरभाष सं० – 05962–234511 कार्या पी०पी० 04962–233070 निवास |
| 10. | प्रदेश मन्त्री | श्री एस०एस० चौहान | – | 126 सैय्यद मौहल्ला नजदीक उपडाकघर चकराता रोड, देहरादून मोबाइल सं०–9412382555 |
| 11. | वित्त सचिव | श्री देवदत्त आर्य | – | रक्षापुरम–डी० लाईन लाडपुर–देहरादून दूरभाष सं० – 0135–2789127 |

## मनोनीत सदस्य

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री महिनारायण झा | – | जे–24 प्रभू निवास, शिवालिक नगर बी० एच० ई० एल० रानीपुर, हरिद्वार दूरभाष सं०–01334–230967 (नि.) |
| 2. | श्री लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल | – | जे–11, ए–अपर रेलवे कालोनी, देहरादून दूरभाष सं०–0134–2773614 (नि.) मोबाइल – 9412056755 |

## महिला विभाग प्रमुख

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | कु० बसन्ती शाही | प्रमुख | – | गर्मपानी, नैनीताल। |
| 2. | श्रीमती निशा सक्सेना | उप्रमुख | – | क्षेत्रीय प्रबन्धक कार्यालय, उत्तरांचल परिवहन निगम काठगोदाम, जिला नैनीताल। दूरभाष सं०–05946–222010 कार्य 05946–234235 |

## प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य/जिलामन्त्री

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री सुरेन्द्र प्रसाद | शुगर | – | प्रदेश अध्यक्ष, उत्तरांचल चीनी मिल मजदूर संघ, चीनी मिल कोलनी, काशीपुर, जिला, जिला–उधम सिंह नगर 244713 दूरभाष सं० 25947–279187 |
| 2. | श्री पूरण चन्द चौबे | सोयबीन | – | सोयाबीन एवं वनस्पति काम्पलैक्स हल्यूचौड़ा, जिला–नैनीताल दूरभाष सं०– 05945–268766 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3. | श्री बी० के० देवरा | रक्षा | – | मकान नं० 175/2, ओल्ड टाइप–II स्टेट, ओ०एल०एफ०–रायपुर, देहरादून<br>दूरभाष सं०–0135–2789288 (नि.) |
| 4. | श्री सन्तलाल | दूरसंचार | – | बी०एस०एन०एल० कार्यालय गोपेश्वर–जिला–चमोली।<br>दूरभाष सं०–01372–252655 (नि.) |
| 5. | श्री अनिल श्रीवास्तव | शुगर | – | चीनी श्रमिक संघ किच्छा शुगर मिल जिला–उधमसिंह नगर।<br>दूरभाष सं०–05944–263537 |
| 6. | श्रीमती प्रभा फर्त्याल | आंगनवाडी | – | ग्राम–चमोली पो०ओ०–दिलखौली, रानीखेत, अल्मोड़ा<br>दूरभाष सं०–05963–222649 |
| 7. | श्री जोधा सिंह रावत | एल०आई०सी० | – | ग्राम–भगवानपुर जैसिंह पो०ओ०–हरिपुर नायक हल्द्वानी–जिला–नैनीताल<br>दूरभाष सं०–05946–261537<br>मोबाइल 9412306541 |
| 8. | श्री नारायण दत्त पाण्डे | जलसंस्थान | – | ग्राम–वहाली कांडा, आई०टी०आई० पो०ओ०–घिगारी टोला, बागेश्वर–246401 |
| 9. | श्री सुरेश चन्द्र प्रजापति | बी.एच.ई.एल. | – | एम–64 शिवालिक नगर बी.एच.ई.एल. रानीपुर, जिला–हरिद्वार–249403<br>दूरभाष सं०–01334–234183 |
| 10. | श्री हरीश राणा | जी.एम.ओ.यू. | – | जी.एम.ओ.यू. श्रमिक संघ कोटद्वार–जिला–पौड़ी गढ़वाल<br>दूरभाष सं०–01382–22769 |
| 11. | श्रीमती रैठी सोनी | आंगनवाड़ी | – | आगंनवाड़ी केन्द्र, पो०ओ० मतली उत्तरकाशी– (संयोजक) |
| 12. | श्री वेदीलाल टमटा | दूरसंचार | – | बी०एस०एन०एल० कार्यालय रुद्रप्रयाग– (संयोजक) |
| 13. | श्री आर०डी०सेमवाल | परिवहन निगम | – | आर०एम० कार्यालय उत्तरांचल परिवहन निगम टनकपुर, जिला–चम्पावत (संयोजक) |

## उद्योग प्रमुख

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री डी०डी० शर्मा जी | – | परिवहन, विद्युत, जलसंस्थान, जलनिगम, ऊर्जा निगम, अनुसूचित जनजाति निगम, कुमाऊँ/गढ़वाल, गढ़वाल विकास निगम एवं जालागम उद्योग कर्मचारी कल्याण निगम |
| 2. | श्री एस०के० डबराल | – | वित्तीय संस्थायें, बैंक, बीमा, ग्रामीण बैंक उद्योग |
| 3. | श्री केवलानन्द सांगुडी | – | असंगठित क्षेत्र एवं आंगनवाड़ी |
| 4. | श्री अमरेन्द्र नारायण मेहता | – | स्वदेशी जागरण मंच, पर्यावरण |
| 5. | श्री सुरेन्द्र प्रसाद | – | निजी क्षेत्र, इन्जिनियर, शुगर, दुकान। |
| 6. | श्री वी०एन० प्रसाद | – | सार्वजनिक प्रतिष्ठान (केन्द्र एवं राज्य) स्कूल। |
| 7. | श्री एस०एस० चौहान | – | सरकारी कर्मचारी राष्ट्रीय परिसंघ (केन्द्र एवं राज्य) सरकारी कर्मचारी स्वायतशासी उद्योग एवं सचिवालय कर्मचारी |

## प्रदेश महासंघ के महामन्त्री

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री मोती राम | दूरसंचार | 37, नई बस्ती, तेग बहादुर रोड, देहरादून<br>दूरभाष सं०–0135/2675000<br>मोबाइल–9412050500 |
| 2. | श्री दान सिंह सूर्या | परिवहन | उत्तरांचल परिवहन निगम कर्मचारी संघ<br>हल्द्वानी डिपो, हल्द्वानी जिला–नैनीताल। |
| 3. | श्री मानस मिश्रा | शुगर | उत्तरांचल चीनी मिल मजदूर संघ गदरपुर चीनी मिल गदरपुर, जिला–उधमसिंह नगर<br>दूरभाष सं०–05949/271284 |
| 4. | श्रीमती गीता दरम्वाल | आंगनवाड़ी | उत्तरांचल आगंनवाड़ी कर्मचारी संघ<br>पो०ओ०–मल्ला रामगढ़, नैनीताल<br>दूरभाष सं० 05946/281190 |
| 5. | श्री सुरेश गर्ग | बी०एच०ई०एल० | क्वार्टर नं० 25 ऋषिकुल विद्यापीठ<br>हरिद्वार 249401<br>दूरभाष सं० 01334/221329 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | श्री अमरेन्द्र नारायण मेहता | आई.डी.पी.एल. | राष्ट्रीय श्रमिक संघ कार्यालय क्वाटर नं. ए – 1611, आई०डी०पी०एल० टाउनशाप वीरभद्र, ऋषिकेश देहरादून–248001 दूरभाष सं० 0135/2450742 (नि.) |
| 7. | श्री केवलानन्द सांगुडी | एच.एम.टी. | सद्भावना कोलनी, ब्लाक सी–लालडांड हल्द्वानी, जिला–नैनीताल दूरभाष सं०–05946/228196 |
| 8. | श्री कालीचरण सोलंकी | विद्युत | नगरीय विद्युत वितरण उपखण्ड कार्यालय |
| 9. | श्री कुन्दन लाल शर्मा | डाकतार विभाग | मुख्य डाकघर कचहरी कम्पाउन्ड गोपेश्वर जिला–चमोली |

## क्षेत्र प्रमुख

| | | |
|---|---|---|
| 1. | हरीश तिवारी | हरिद्वार जिला टिहरी गढ़वाल जिला उत्तरकाशी जिला। |
| 2. | श्री कमलेश श्रीवास्तव | देहरादून (ऋषिकेश सहित) पौड़ी गढ़वाल जिला रुद्रप्रयाग |
| 3. | श्री पूरण सिंह | अल्मोड़ा जिला बागेश्वर जिला पिथौरागढ़ जिला। |
| 4. | श्री रमेश चन्द जोशी | नैनीताल उधम सिंह नगर चम्पावत |

## पूर्णकालिक

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री डी०डी० शर्मा | प्रदेश अध्यक्ष |
| 2. | श्री सुन्दर लाल उनियाल | प्रदेश महामन्त्री |
| 3. | श्री कमलेश श्रीवास्तव | प्रदेश मन्त्री |

# श्रम संकल्प 2004

## दैनिक व्यवहार में आने वाले महत्वपूर्ण

## श्रमिक अधिनियम

1. कर्मकार प्रतिकार अधिनियम -- 1923 (द वर्कमेन्स कम्पनसेसन एक्ट 1923)
2. भारतीय बायलर अधिनियम – 1923 (द इंडियन बायलर एक्ट 1923)
3. बालक (श्रम गिरवीकरण) अधिनियम – 1933 (द चिल्ड्रन्स प्लीडिंग्स आफ लेबर एक्ट–1933)
4. व्यवसाय संघ अधिनियम – 1926 (द ट्रेड यूनियन एक्ट–1926)
5. मजदूरी संदाय अधिनियम – 1926 (द पेमेन्ट आफ वेज एक्ट–1926)
6. औद्योगिक नियोजन (स्थायी आदेश) अधिनियम 1946 (द इंडस्ट्रीज इम्प, एक्ट 1946)
7. औद्योगिक विवाद अधिनियम – 1947 (इंडस्ट्रीयल डिस्पूट्स एक्ट–1947)
8. कारखाना अधिनियम – 1948 (द फैक्टरीज एक्ट 1948)
9. कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम – 1948 (द इम्पलाईज स्टेट इंश्योरेंस एक्ट 1948)
10. नियोजक दायित्व अधिनियम – 1938 (द इम्पलायर लाईब्लिटी एक्ट 1938)
11. साप्ताहिक अवकाश दिन अधिनियम 1942 (द विकली हालीडेस एक्ट 1942)
12. कोयला खान श्रम कल्याण निधि अधिनियम 1947 (द कोल माईन्स लेबर वेलफेयर फंड एक्ट 1947)
13. कर्मचारी भविष्य निधि और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1952 (द इम्पालाईज प्रोव्हिडेंट फंड एण्ड मिसलेनियस प्रोविजन्स एक्ट 1952)
14. घातक दुर्घटना अधिनियम 1855 (द फेटल एक्सीडेंट एक्ट 1955)
15. बीड़ी तथा सिगार कर्मकार अधिनियम 1966 (द बीड़ी एण्ड सिगार एक्ट 1966)
16. ठेका श्रम (विनियमन और उत्पादन) अधिनियम 1970 (द कांट्रेक्ट लेबर एक्ट 1970)
17. बन्धित श्रम पद्धति (उत्पादन) अधिनियम 1976 (द बांडेड लेबर सिस्टम 1976)
18. प्रसूति प्रसुविधा अधिनियम 1961 (द मैटरनिटी बेनेफिटठ एक्ट 1961)
19. न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 (द मिनिमम वैज एक्ट 1948)
20. बोनस कर्मकार कल्याण निधि अधिनियम 1976 (द बिड़ी वर्कर्स वेलफेयर फंड एक्ट 1976)
21. बोनस संदाय अधिनियम 1948 (द पेमेंट आफ बोरस एक्ट 1965)
22. मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम 1961 (द मोटर ट्रांसपोर्ट वर्कस एक्ट 1961)
23. वैयक्तिक क्षति (प्रतिकार बीमा) अधिनियम 1963 (द पर्सनल इंजुरीस एक्ट 1963)
24. शिक्षु अधिनियम 1961 (द एप्रेन्टिस एक्ट 1961)
25. औद्योगिक विवाद (बैंककारी कंपनी) विनिश्चय अधिनियम 1955 (द इंडस्ट्रीयल डिस्पूट्स बैंकिग कंपनीज डिसीजन एक्ट 1955)
26. श्रमजीवी पत्रकार और अन्य समाचार पत्र कर्मचारी (सेवाशर्ते और प्रकीर्ण उपबंध अधिनियम 1955)
27. विक्रय संवर्द्धन कर्मचारी (सेवा शर्त) अधिनियम 1976 (द सेल्स प्रमोशन इम्प्लाईज एक्ट 1976)
28. समान पारिश्रमिक अधिनियम 1976 (इ इक्कवल रिमूनरेशन एक्ट 1976)
29. श्रम विधि 1988 विवरणी देने और रजिस्टर देखने से कतिपय स्थानों को छूट अधिनियम 1988
30. उपदान संदाय अधिनियम 1972 (द पेमेंट ऑफ ग्रेज्युटी 1972)
31. बाल श्रम (प्रतिषध और विनियमन) अधिनियम 1986 (द चाईल्डस लेबर एक्ट 1986)
32. कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (इ इम्पलाईज पेंशन स्कीम 1995)

# दरिद्र नारायण सेवा

अमर नाथ डोगरा
राष्ट्रीय मंत्री, भारतीय मजदूर संघ एवं
सदस्य, केन्द्रीय श्रमिक शिक्षा बोर्ड
संकलन कर्ता–केवलानन्द सांगुड़ी एचएमटी
रानीबाग (नैनीताल) उत्तरांचल

समाज में आर्थिक विषमता की गहरी खाई विद्यमान है। इसे पाटने के प्रयास पूर्व में भी होते रहे हैं और आज भी हो रहे हैं किन्तु असमानता जस की तस है। गरीबी उन्मूलन की कार्य योजनाएं बनती हैं किन्तु गरीबी यथावत है, उल्टे निर्धनता के अथाह सागर में समृद्धि के द्वीप निर्मित हो गए हैं। नव आर्थिक सामाजिक रचना की विडंबना यह है कि अमीर और अमीर तथा गरीब और गरीब हुए हैं।

## समृद्धि का संरक्षण

**Poverty anywhere is threat to prosperity everywhere** अतः गरीबी नहीं हटती तो अपनी अमीरी सुरक्षित की जाए यह सोच पश्चिमात्य धनाड्य देशों की है। इसके लिए उन्होंने व्यूह रचना के अंतर्गत विश्व व्यापार संगठन, अंतरर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक, यूरोपियन यूनियन, संयुक्त राष्ट्र संघ और उस से जुड़े संस्थानों को अपनी ढाल तथा हित संवर्धन का उपकरण बनाया हुआ है।

## गरीबी रेखा से नीचे

सोने की चिड़िया भारत का नाम आज निर्धन देशों की सूची में है। स्वतंत्रता प्राप्ति के पचास वर्ष व नौंवी पंचवर्षीय योजना के पश्चात स्थिति यह है कि सौ करोड़ जनसंख्या में से सैंतीस करोड़ देशवासी असंगठित क्षेत्र में जीवनयापन करते हैं इसमें तीन चौथाई गरीबी रेखा से नीचे जीने के लिए अभिशप्त हैं। योजनाएं भारत की आकृति प्रकृति जलवायु जनमानस को ध्यान में रखकर कदाचित ही कभी बनी हों। पश्चिम का औद्योगिक ढांचा और सोच जहां हमारे योजनाकारों के दिलों दिमाग में समाया हो वहां कृषि आधारित ग्रामोद्योग, विकेन्द्रीकृत कुटीर उद्योग की उपेक्षा तो होनी हीथी। सो परिणाम हमारे सामने हैं। द्वितीय विश्व युद्ध में बरबाद हो चुका जापान आज समृद्धि और विकसित देशों की पंक्ति में अमेरिका के पश्चात दूसरे क्रमांक पर है। यह कहा जाता है कि जापान निर्धन देश है पर वहां के निवासी समृद्ध हैं वहीं भारत अमीर देश है किंतु निवासी निर्धन है। भारत में प्राकृतिक

संसाधनों की भरमार है वहीं जापान सभी प्रकार का कच्चा माल विदेशों से मंगाता है। स्पष्ट है कि हम अपनी प्राकृतिक संपदा का त्रुटिपूर्ण योजनाओं के कारण लाभ नहीं उठा सके हैं।

## असंगठित क्षेत्र नारकीय जीवन

भारत की सैंतीस करोड़ याने एक तिहाई जनता असंगठित क्षेत्र में वनवासी, गिरीवासी, बंजारे, खेत मजदूर, मछुआरे, बीड़ी उद्योग व निर्माण कार्य, कुली, रिक्शा चालक, ढाबा व घरेलू कामगारों आदि के रूप में पहचाने जाते हैं। बाल, वृद्ध और महिला कामगार नारकीय जीवन व्यतीत कर रहे हैं। जहां एक चोथाई जनसंख्या दो समय का भोजन भी न जुटा पाती हो वहां स्वच्छ पेयजल, कपड़ा, मकान, शिक्षा, चिकित्सा, सड़क मार्ग एवं बिजली आदि बुनियादी सुविधाएं तो जागृत सपने सी लगती हैं। लोग भूख से मर रहे हैं दूसरी ओर गोदामों में अनाज सड़ रहा है। इससे बढ़कर व्यवस्था पर करारा व्यंग्य क्या हो सकता है? वैसे आज तक असंगठित क्षेत्र से संबंधित लगभग डेढ़ सौ नियम/अधिनियम अस्तित्व में हैं और केन्द्रीय सरकार के करीब तेरह मंत्रालय सीधे अथवा परोक्ष रूप में इस क्षेत्र के कल्याण कार्यो को देख रहे हैं। किन्तु यथार्थ में इनका कार्यान्वयन कहीं दिखाई नहीं देता। कागज पर कानून अधिनियम तथा कल्याणकारी योजनाएं बहुत हैं पर कार्यान्वयन यंत्र मशीनरी नगण्य हैं। राज्य सरकारों द्वारा की जा रही उपेक्षा सर्वविदित है।

## असंगठित क्षेत्र विधेयक

आजादी के पचास वर्ष पश्चात कदाचित यह प्रथम अवसर है जब केन्द्रीय श्रम मंत्री असंगठित क्षेत्र को लेकर वास्तव में चिंतित हैं और गंभीरतापूर्वक इस क्षेत्र की समस्याओं का निराकरण करना चाहते हैं। असंगठित क्षेत्र कामगार विधेयक 2003 में सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा, बीमा, पेंशन आदि की व्यवस्था तो है ही इसके कार्यान्वयन के लिए एक उपयुक्त यंत्र निर्माण की रूपरेखा भी है। भारतीय श्रम सम्मेलन के 39वें सत्र ने इस बिल पर सर्वसहमति व्यक्त की है।

बिल की प्रमुख विशेषताएं हैं :–

क. यूनिवर्सल हैल्थ इंश्योरेंस स्कीम के अंतर्गत प्रत्येक श्रमिक और उसके परिवार (5 सदस्य) को वर्ष भर में रु. 30,000/– तक का चिकित्सा लाभ

ख. प्रत्येक श्रमिक का एक लाख तक धनराशि का जीवन बीमा

ग. साठ वर्ष आयु उपरांत प्रत्येक श्रमिक को रु. 500/– मासिक पेंशन और मृत्युपरांत उसके परिवार को पेंशन

घ. श्रमिक की सुविधा हेतु वर्कर्स फैसीलिटेशन सैंटर

ड. प्रत्येक श्रमिक तथा नियोक्ता को सोशल सिक्यूरिटी कार्ड, भविष्य निधि संगठन द्वारा उपलब्ध कराया जायेगा और निधि का लाभ श्रमिक को प्राप्त हो इसका प्रबंध किया जाएगा।

## योजना एवं बजट

केंद्रीय श्रम मंत्री ने बताया है कि प्रथम चरण में असंगठित क्षेत्र के लगभग 50 लाख श्रमिक उपरोक्त सामाजिक सुरक्षा प्रावधानों के अंतर्गत लाभान्वित होंगे जिसके लिए 1068/– करोड़ अतिरिक्त धनराशि की आवश्यकता होगी और केन्द्रीय श्रम मंत्रालय विभिन्न संसाधनों से इसे जुटा लेगा।

## असंगठित क्षेत्र बीमा योजना

केन्द्रीय वित्त मंत्रालय ने भी सबके लिए स्वास्थ्य बीमा योजना तथा वरिष्ठ पेंशन बीमा योजना की घोषणा की है जिसे असंगठित क्षेत्र पर भी लागू किया गया है। सबके लिए स्वास्थ्य बीमा योजना 100 अथवा अधिक परिवार समूहों के लिए उपलब्ध है। पालिसी में किसी कामगार की दुर्घटना के कारण मृत्यु होने पर परिवार को रु. 25,000/– तथा चिकित्सालय में भर्ती व्यय रु. 30,000/– तक प्रतिपूर्ति का प्रावधान है। एक रुपया प्रति व्यक्ति प्रतिदिन व पांच सदस्यों के परिवार (तीन बच्चों सहित) डेढ़ ·नया प्रतिदिन अंशदान है। गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले परिवारों को सरकार रु. 100/– प्रति परिवार प्रीमियम सब्सिडी प्रदान करेगी।

## समग्र विचार चिंतन

केन्द्रीय श्रम तथा वित्त मंत्रालय की सक्रियता से लगता है कि इस क्षेत्र से दरिद्रता मिटाने के गंभीर प्रयासों का श्री गणेश हुआ है। सामाजिक व ट्रेड यूनियन संगठन भी सक्रिय हुए हैं और जनमानस में जागृति का स्फुरण हुआ है। यह उपाय आश्वस्त करते हैं कि अब सही दिशा में कदम उठाए जा रहे हैं किन्तु क्या यह पर्याप्त है। असंगठित क्षेत्र विराट है। सदियों से त्रस्त और शोषणग्रस्त है। उसके लिए टुकड़ों–टुकड़ों में विचार करने से अपेक्षित लाभ नहीं होगा। एक समग्र विचार दर्शन व चिंतन की आवश्यकता है। अतः :–

क. काम के अधिकार को सामाजिक सुरक्षा के अधिकार के एक आवश्यक अंग के रूप में मान्य किया जाना चाहिए। सामाजिक सुरक्षा के अंतर्गत कम से कम स्वास्थ्य सेवा, प्रसूति, चोट, दुर्घटना, बीमारी, शिशु देखभाल, आश्रय स्थान और वृद्धावस्था सहायता व समुचित देखरेख।

ख. ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित हो जिसमे रोजगार सृजन व संरक्षण, निर्धनता व संगठनहीनता एवं शोषण से बचाव का पक्का प्रबंध हो। एकतरफा बर्खास्तगी, न्यूनतम मजदूरी और भुगतान में विलंब से संरक्षण मिले।

ग. असंगठित क्षेत्र की विशालता और व्यापक अन्याय व शोषण के दृष्टिगत असंगठित क्षेत्र श्रमिक बोर्ड का अविलंब गठन किया जाना चाहिए। श्रम मंत्रालय के अधीन सामाजिक सुरक्षा का विभाग बनाया जाना चाहिए।

घ. संगठित क्षेत्र से मुक्त किए जा रहे कर्मकार असंगठित क्षेत्र की वृद्धि कर रहे हैं अतः संगठित क्षेत्र का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

ड. सरकारी प्रभाव से मुक्त विलेज कामनवेल्थ अथवा अधिकार संपन्न ग्राम पंचायतों को सक्रिय किया जाना चाहिए।

च. केन्द्र व राज्यों ने एक सामाजिक सुरक्षा फंड का निर्माण करना चाहिए।

छ. सामाजिक सुरक्षा से जुड़ी सभी योजनाओं का एक स्थान से संचालन तथा नियंत्रण किया जाना चाहिए।

ज. राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा प्राधिकरण का प्रधानमंत्री की अध्यक्षता मे गठन किया जाना चाहिए।

## द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग व अन्य सुझाव

द्वितीय राष्ट्रीय श्रम आयोग ने असंगठित क्षेत्र के बारे में अनेक कल्याणकारी एवं महत्वपूर्ण सुझाव दिए हैं जिन पर आधारित असंगठित क्षेत्र कामगार विधेयक 2003 संसद के शीतकाल सत्र में प्रस्तुत किया जा रहा है किन्तु कृषि क्षेत्र के लिये एक अलग विधेयक लाए जाने की आवश्यकता है। इस क्रम में ग्रामीण क्षेत्र को उच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। भारत गांवों में बसता है और जब तक गांव की स्थिति नही सुधरेगी तब तक भारत की वास्तविक प्रगति असंभव है।

## सूने गांव

असंगत योजनाओं व सरकार की अदूरदर्शी त्रुटिपूर्ण आर्थिक सामाजिक नीतियों के कारण लोग गांव छोड़ कर शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। आज सूने गांव देख कर दुख होता है। स्पष्ट है कि नगरीकरण को प्रोत्साहन मिला है। ग्रामीण क्षेत्रो की जनसंख्या लगभग 25 करोड़ है और नगरों की जनसंख्या प्रतिवर्ष लगभग पांच प्रतिशत के हिसाब से बढ़ रही है। आज 3 महानगर एक करोड़ तथा 45 नगर दस लाख से अधिक जनसंख्या वाले हैं जिसका लगभग तीस प्रतिशत निर्धनता रेखा से नीचे है। वर्ष 1975 में कलकत्ता महानगर में एक सर्वेक्षण के अनुसार दो लाख लोग फुटपाथ पर सोते थे जिनकी मासिक आय मात्र 80 रुपये थी। एक करोड़ से अधिक की जनसंख्या वाले महानगर के लिए जल प्रदाय, मल निकासी, स्वच्छता, अस्पताल, अग्नि शमन, सड़क और सड़क प्रकाश, सार्वजनिक शौचालय, शमशान, उद्यान, खेल के मैदान, रात्रि विश्राम गृह, परिवहन, पाठशालाएं, प्रसूति गृह व गंदी बस्तियों के सुधार आदि की व्यवस्था करना विकट समस्या है। जिस गति से ग्रामीण जनता

आज नगरों की ओर दौड़ में शामिल है उससे आगामी कुछ वर्षों के पश्चात महानगरों और नगरों की सभी व्यवस्थाएं आबादी के बोझ तले दब जाएंगी। इस विराट समस्या की ओर योजनाकारों का पहले भी और आज भी ध्यान नहीं है। गांव की जनता गांव ही में रहे इसके लिए उसके रोजगार, सुख–सुविधाएं जो शहरों मे उपलब्ध हैं उन्हें गांव ही में उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इस संदर्भ में असंगठित क्षेत्र कामगार विधेयक – 2003 ने एक नई आशा की किरण जगाई है। सामाजिक सुरक्षा की परिधि में ग्राम और ग्रामोत्थान लक्ष्य रहा तो अन्त्योदय की संकल्पना निश्चित ही साकार हो सकेगी।

## बाल श्रमिक

बच्चे भारत का भविष्य हैं। यह सभी जानते और कहते हैं किन्तु कुछ भी सार्थक करते नहीं। बालक का बाल समय कारखाने खेत या घर नहीं अपितु विद्यालय में व्यतीत होना चाहिए। बाल शिक्षा को इसलिए अनिवार्य किया जाना चाहिए। बाल श्रमिक निषेध संबंधी अधिनियम की परिधि को विस्तार देकर सख्ती से परिपालन करवाया जाना चाहिए।

## महिला कामगार

मातृशक्ति भारत की शक्ति अस्मिता एवं दृढ़ता की परिचायक ही नहीं अपितु आधार है। उनकी ओर दुर्लक्ष्य करने अथवा उन्हें प्रताड़ित या अपमानित करने का अर्थ सीधे सर्वनाश से जुड़ा है। भारत में महिला का आदिकाल से परिवार समाज व संस्कृति में जो आदरयुक्त उच्च स्थान प्राप्त रहा है सरकारी योजनाएं उसी परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर बनाई जानी चाहिए। नारी की गरिमा को ठेस न पहुंचे यह हमारे समाज व सरकार सभी का कर्तव्य है। प्रश्न समता का नहीं समरसता का है। यह पश्चिम के नारी सशक्तिकरण के खोखले नारों से संभव नहीं हो सकता। भारत में नारी को देखने का दृष्टिकोण मातृत्व है और यह विश्व में और कहीं नहीं है। अतः इस भावना के दृष्टिगत उसके कार्य, कार्य स्थान, कार्य का समय, अवकाश, प्रसूति लाभ, शिशु की देखभाल आदि संबंधी अधिनियमों की संरचना की जानी चाहिए।

## वृद्धजन

वृद्धजन देश की विभूति हैं गौरव हैं। उनकी देखभाल सेवा का जिम्मा परिवार समाज व सरकार सभी का है और सभी ने मिलकर इस दायित्व का गरिमायुक्त ढंग से निर्वाह करना चाहिए। हमारी परम्परा के अनुरूप वृद्धों का सम्मान व सुख सुविधा का निश्चित प्रबंध होना चाहिए। बाल, वृद्ध तथा महिलाओं के प्रति अपने देश का आदर्श क्या रहा है इसे हमें अर्वाचीन आर्थिक चकाचौंध व उपभोक्तावाद के चलते विस्मृत नहीं होने देना चाहिए।

## कार्यकर्ता के लिए

असंगठित क्षेत्र में इस प्रकार सैंतीस करोड़ बाल, वृद्ध, तरुण, प्रौढ़, नर व नारी जीवनयापन कर रहे हैं। यह सैंतीस करोड़ भारत के देवता हैं, दरिद्र नारायण हैं। आपको या हमें इनकी सेवा का अवसर मिल रहा है। यह परमेश्वर की हम पर अनुकम्पा है। उनके लिए कुछ भी करके हम उपकार नहीं अपितु स्वयं धन्यता के भागीदार बनते हैं। ऐसे पुनीत कार्य में अपना योगदान आज नहीं अभी से प्रारम्भ करें तो इसमें सभी का कल्याण है। भारत माता अपने पुत्रों से यही अपेक्षा करती है।

## भारत का दृष्टिकोण

आर्थिक सामाजिक प्रश्नों की ओर देखने की मूलभूत भारतीय दृष्टि की ओर वर्ष 1937 ठाणें बैठक में परमपूज्य श्री गुरुजी ने इंगित करते हुए कहा था :–

क. प्रत्येक नागरिक को जीवन विषयक प्राथमिक आवश्यकताओं की पूर्ति।

ख. बेकारी व अर्धबेकारी के विरुद्ध युद्धस्तर पर कार्य।

ग. अधिक से अधिक उत्पादन और न्यायोचित वितरण।

घ. सम्पत्ति जोड़ने की भी कुछ अधिकतम सीमा होनी चाहिए। व्यक्तिगत लाभ के लिए दूसरों के श्रम का गलत उपयोग करने का किसी को अधिकार नहीं है।

ड. पूंजी प्रधान उद्योगों की अपेक्षा श्रम प्रधान उद्योगों पर अधिक बल।

च. रोजगार वृद्धि के साथ कार्यक्षमता में भी वृद्धि।

छ. जब लाखों लोग भूख से पीड़ित हों तब अभद्र तड़क–भड़क पाप है। उपभोक्तवाद हिन्दु संस्कृति के आदर्श के अनुरूप नहीं है।

ज. हम समाज के केवल न्यासी हैं। सच्चे न्यासी बनें तभी समाज की उत्कृष्ट सेवा कर सकेंगे।

देश के भाग्य की विडम्बना यह रही कि स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात देश की बागडोर उन हाथों में चली गयी जिन्होंने भारतीय मनीषा की उपेक्षा करके पश्चिमी पूंजीप्रधान उद्योगीकरण का अनुसरण करना श्रेयस्कर समझा। जिसके कारण गांव उजड़ गए। ग्रामीण उद्योग धंधे, शिल्पकला, कृषि सब चौपट हुए और असंगठित क्षेत्र का विस्तार हुआ व गरीबी और बढ़ गई। परमपूज्य श्री गुरुजी के उपरोक्त विचार से प्रेरणा लेकर वर्तमान केन्द्र सरकार देश की निर्धनता के मर्म को समझकर उस पर प्रहार करने के लिए उद्यत है, यह शुभ लक्षण है।

कविता

# देशभक्त कहलायेंगे !

क्या तुम चुप रहोगे?
जब गीता के देश को
'क्लिनिक' शैम्पू धोएगा और
'कोलगेट; से चमके, विदेशी दांत काटेंगे
भारत का वैभव
क्या तुम चुप रहोगे?
जब 'पेप्सी' की लहर, विदेशी जहर पिलाएगी
और 'यूनियन कार्बाइड' मृत्यु की लहर लाएगी
क्या तुम चुप रहोगे?
जब बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के वादे
'रिन' के बुलबुलों की तरह फट जायेंगे और
'नैसकैफे' कॉफी की कालिख में दब जायेगी
भारतीय पेय उद्योग की आत्मा
क्या तुम चुप रहोगे?
जब 'फिलिप्स के बल्ब
विदेशी क्रूर रोशनी का अंधेरा
और 'विमको' की माचिसें
जला डालेंगी इतिहास में
पका हुआ हमारा व्यक्तित्व
क्या तुम चुप रहोगे?
जब बच्चों के मुंह से छीना गया दूध
बनकर आएगा 'कैडबरी' की चाकलेट
क्या मीठा लगेगा तुम्हें?
जब विदेशी 'ब्रुक बाण्ड' का टाइगर
उछलेगा स्वदेश चेतना पर
आ गया है दानव बहुराष्ट्रीय कम्पनियों का
स्वेदशी के दमकते हुए सूर्य से
हम उसकी आंखें चौंधिया देंगे
और उसके मस्तक पर
अपने स्वावलम्बन के ब्रह्मअस्त्र से
करेंगे शक्तिशाली प्रहार
स्वीकार है यह चुनौती, स्वदेशी अपनायेंगे
विदेशी भगायेंगे, देशभक्त कहलायेंगे।

अभिषेक सांगुड़ी
लालढांग हल्द्वानी
जिला नैनीताल उत्तरांचल

# "अन्तर अवलोकन"

संगठन जब विस्तार लेता है तो अवांछनीय घटनाएं भी होती हैं। किसी भी राष्ट्रव्यापी अखिल भारतीय संगठन में एक भी अपूर्ण अपवित्र व्यक्ति न तो पैदा होगा और न ही प्रवेश ले सकेगा, इसकी अपेक्षा करना ही बेमानी है। लेकिन सतत् अवलोकन करते हुए दृष्टि जीवन्त रहनी चाहिए। श्रद्धा ही नहीं विवेक भी कायम रहे। औचित्य का समर्थन तथा अनौचित्य का प्रतिकार करने की इच्छा शक्ति बनी रहनी चाहिए। अति श्रद्धा और अति विश्वास प्रकट करना ही जोखिम का कार्य है। इसीलिए नीति का समर्थन तथा अनीति का विरोध करते रहना ही स्वयं की नजरों में स्वच्छ एवं स्वस्थ बने रहने का मूलमंत्र है।

किसी भी प्रकार की सड़न पनपने से पहले ही उसकी रोकथाम की जानी चाहिए और यदि स्थिति आपरेशन करने की बन जाए तो उसमें भी झिझक या शंका नहीं होनी चाहिए। अनाचार के विरुद्ध यदि हमें अपने मित्र बन्धु अथवा अति आत्मीय का भी विरोध करना पड़े तो निःसंकोच उसका विरोध करना चाहिए। तभी हम स्वयं की नजर में स्वयं को अपराधी होने से बचा सकते हैं। यही अन्तर अवलोकन है।



देवदत्त आर्य
प्रदेश वित्त सचिव

## सुखी मानव-सुखी भारत

हमें मानव का सुख अभिप्रेत है। सुख, शांति, समृद्धि, सुरक्षा और सम्मान से सैंतीस करोड़ भारतवासियों को वंचित रखकर भारत के उत्कर्ष की कल्पना भी कैसे कर सकते हैं। वह जो भूखे, नंगे, बीमार, अपाहिज, वेदनाओं से जर्जर कंगाल चलते फिरते पिंजर दिखते हैं वह भी मनुष्य हैं। उन्हें मनुष्य के नाते जीने का अधिकार है और उनके इस अधिकार की रक्षा के लिए हम अपना सर्वस्व न्यौछावर करने के लिए कटिबद्ध हों, यह संकल्प करने की आवश्यकता है।

**'आओ जलाएं दीप वहां, जहां अभी भी अंधेरा है।'**

1973, 'गुरुजी'

संख्या : 6462/श्रम सेवा/ 693/श्रम/2002

प्रेषक,

श्री मधुकर गुप्ता
मुख्य सचिव,
उत्तरांचल शासन

सेवा में,

समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तरांचल शासन
समस्त मण्डलायुक्त, उत्तरांचल
समस्त जिलाधिकारी, उत्तरांचल

श्रम सेवायोजन एवं प्रशिक्षण विभाग देहरादून दिनांक 21 नवम्बर, 2002

विषय : "जनश्री" सामूहिक बीमा योजना के क्रियान्वयन के सम्बन्ध में

महोदय,

असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तथा स्वतः रोजगार में लगे व्यक्तियों तथा समाज के आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के परिवारों के मुखिया की असामायिक मृत्यु हो जाने पर आर्थिक सुरक्षा प्रदान करेन के उद्देश्य से पूर्व में प्रचलित सभी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के स्थान पर नई आकर्षक तथा बहुलाभकारी सामूहिक बीमा योजना "जनश्री" जीवन बीमा निगम द्वारा प्रारम्भ की गयी ह। इस योजना का संचालन भारत सरकार/राज्य सरकार व भारतीय बीमा निगम द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है, इसकी प्रमुख विशेषताएं निम्नवत् हैं।

**हितलाभ :**

1. सदस्य की सामान्य मृत्यु की दशा में नामित को रुपये 20,000/– देय होंगे।
2. सदस्य की दुर्घटना में मृत्यु/स्थायी अपंगता की दशा में रुपये 50,000/– देय होंगे।
3. दुर्घटना में एक आंख या एक हाथ या पांव अक्षम हो जाने पर रुपये 25,000/– देय होंगे।

**प्रीमियम :**

प्रारम्भ में प्रति सदस्य रुपये 200/– का वार्षिक प्रीमियम देय होगा जिसके 50 प्रतिशत का भुगतान सदस्य द्वारा नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जायेगा तथा शेष 50 प्रतिशत भारत–सरकार द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम के माध्यम से सुरक्षा–निधि से वहन किया जायेगा।

**अतिरिक्त हितलाभ :**

उपरोक्त योजना के लाभों को विस्तारित करते हुए शिक्षा सहयोग योजना प्रारम्भ की गयी है जिससे "जनश्री" बीमा योजना के प्रत्येक लाभार्थी के कक्षा 9 से 12 तक अध्ययनरत् अधिकतम दो बच्चों को रुपये 100/– प्रतिमाह की छात्रवृत्ति प्रदान करने का प्राविधान है। "जनश्री" बीमा योजना

महान उद्देश्य से युक्त एक बहुलाभकारी योजना है जिसका समुचित प्रचार–प्रसार कर समाज के पिछड़े वर्गों को लाभान्वित किया जा सकता है। इस योजना का उत्तरांचल में क्रियान्वयन अभी तक नाम मात्र हुआ है। इस योजना के संचालन का दायित्व भारत सरकार के द्वारा भारतीय जीवन बीमा निगम को प्रदान किया गया है तथा निगम इस राज्य के प्रत्येक जनपद में समुचित प्रचार के लिये होर्डिंग एवं वालपेंटिंग आदि द्वारा करा रहा है। उत्तरांचल के विभिन्न समूह के व्यक्तियों को व्यापक रूप से लाभान्वित करने हेतु इस योजना को व्यापक रूप से लागू करने का निर्णय लिया गया है।

वर्ष 2002–2003 हेतु राज्य के प्रत्येक जनपद का अपेक्षित लक्ष्य 10,000 है, इस कार्य हेतु प्रभारी पेंशन एवं समूह बीमा शाखा देहरादून द्वारा प्रत्येक कार्य जैसे प्रपत्र इत्यादि व प्रचार सामग्री उपलब्ध किया जायेगा।

2. इस सम्बन्ध में निम्नवत कार्य–योजना तैयार किया जाना है:–

1. सम्पूर्ण उत्तरांचल में जिन कस्बों में रिक्शा, ठेला संचालित है उन सभी कस्बों में रिक्शा चालकों और ठेला चालकों के कम से कम 25–25 व्यक्तियों के समूह बनाकर "जनश्री" योजना के अन्तर्गत बीमित किया जायेगा। जैसे टनकपुर, खटीमा, सितारगंज, किच्छा, ऊधमसिंहनगर, हल्द्वानी, लालकुआ, नैनीताल, काशीपुर, जसपुर, गदरपुर, बाजपुर, रामनगर, मसूरी, देहरादून, ऋषिकेश, सहसपुर, विकासनगर, हरिद्वार, कोटद्वार, रुड़की आदि समस्त नगरों के संबंधित नगर निगम, नगर पालिका एवं टाउन एरिया, नोडल एजेंसी होंगे। निदेशक, स्थानीय निकाय द्वारा योजना के क्रियान्वयन का समन्वय किया जायेगा।
2. नैनीताल, भीमताल के नाविकों तथा नैनिताल, मसूरी के घोड़े वालों के समूह बनाकर बीमा किये जायेंगे जिनका नोडल एजेंसी ससंबंधित नगर पालिकायें होंगे।
3. वन निगम के असंगठित/दैनिक वेतन भोगी श्रमिकों के बीमा करने के लिये नोडल एजेंसी वन–निगम होगा।
4. नगर निगम/नगर पालिकाओं के सफाई दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों (अनियमित) चाय पान के दुकानदार तथा छोटे दुकानदार मोटर गैराज तथा समस्त होटलों के श्रमिकों का भी समूह बनाकर बीमा कराया जायेगा, जिनका नोडल एजेंसी श्रम विभाग होगा।
5. सब्जी फल बेचने वालों के बीमा कराये जायेंगे जिनके नोडल एजेंसी जहां मण्डी होंगे वहां मण्डी परिषद नोडल एजेंसी होगा तथा अन्य जगह जहां मण्डी नहीं है वहां पर नोडल एजेंसी नगर पालिका/टाउन एरिया रहेगा।
6. टैक्सी, कैब, आटो, टैम्पो, ट्रक तथा बसों के चालक, परिचालक तथा क्लीनरों के बीमा कराने के लिए परिवहन विभाग नोडल एजेंसी रहेगा।
7. हैचरी तथा डेयरी में लगे हुए श्रमिकों के बीमा के लिए नोडल एजेंसी पशुपालन विभाग होगा।
8. खनन कार्य श्रमिकों के बीमा के लिए राजस्व विभाग नोडल एजेंसी होगा।

9. ग्रामीण क्षेत्रों के छोटे कृषकों तथा स्वतः रोजगार में लगे व्यक्तियों के बीमा हेतु ग्राम विकास विभाग नोडल एजेंसी होगा।
10. डी.जी.बी.आर. के कैज्युअल श्रमिकों के बीमा के लिये डी.जी.बी.आर. ही नोडल एजेंसी होगा, इसी प्रकार टी.एच.डी.सी., एन.एच.पी.सी. तथा असंगठित क्षेत्र श्रमिकों के बीमा के लिये वे ही नोडल एजेंसी होंगे।
3. "जनश्री" योजना का कार्यान्वयन तत्काल पूरे प्रदेश में प्रारम्भ कर दी जाये, तथा वर्ष में एक बार प्रत्येक जनपद स्तर पर बीमा–मेला भी आयोजित किया जाये।
4. भारतीय जीवन बीमा निगम उपरोक्त समस्त नोडल एजेंसी को निर्धारित बीमा फार्म उपलब्ध करायेंगे, जिसकी एक प्रति भरने तथा धन जमा करने के बाद भारतीय जीवन बीमा निगम को भेजी जायेगी, एक प्रति नोडल विभाग के पास रहेगी तथा एक प्रति बीमित व्यक्ति को दी जायेगी। सरकारी नोडल विभाग बीमित व्यक्ति से प्राप्त धनराशि प्रत्येक 10 दिन के बाद समस्त धनराशि भारतीय जीवन बीमा निगम को भरे हुए फार्म के साथ हस्तान्तरित कर देंगे। शाखा स्तर पर विभिन्न विभागों का लक्ष्य पृथक से निर्धारित किया जायेगा।

अतः अनुरोध है कि इस योजना को शत–प्रतिशत सफल बनाने के लिए व्यक्तिगत रुचि के साथ–साथ योजना का व्यापक प्रचार–प्रसार भी कराया जाये, तथा योजना को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए पूरे मनोभाव से श्रमिकों को भी प्रेरित किया जाये।

शासन स्तर पर श्रम विभाग इस योजना के कार्यान्वयन के समन्वय एवं अनुश्रवण हेतु नोडल विभाग होगा। श्रम विभाग प्रतिमाह इस योजना की नियमित समीक्षा व अनुश्रवण कर प्रगति आख्या प्रस्तुत करेगी।

भवदीय
(मधुकर गुप्ता)
मुख्य सचिव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–
1. समस्त विभागध्यक्ष, उत्तरांचल
2. श्रमायुक्त, उत्तरांचल, हल्द्वानी
3. निदेशक, स्थानीय निकाय
4. कमान्डर, बी.आर.टी.एफ.
5. अध्यक्ष/प्रबन्ध निदेशक, टी.एच.डी.सी., एन.एच.पी.सी. उत्तरांचल
6. वरिष्ठ मंडल प्रबन्धक, भारतीय जीवन बीमा निगम देहरादून, हल्द्वानी, उत्तरांचल

# कर्मचारी पेंशन योजना

*अनिल कुमार श्रीवास्तव*
जिला मंत्री, चीनी मिल मजदूर संघ किच्छा,
जिला उधमसिंह नगर

1. **परिचय :**

कर्मचारी पेंशन योजना 1995, 1–4–1993 से पूर्व व्याप्ति आधार पर 16–11–1995 से लागू की गई है। यह नयी योजना परिवार पेंशन योजना 1971 के स्थान पर तैयार की गयी है।

2. **सदस्यता :**

कर्मचारी भविष्य निधि योजना 1952 का प्रत्येक सदस्य, जिसने कर्मचारी परिवार पेंशन योजना 1971 के लिए विकल्प दिया हो।

कर्मचारी भविष्य निधि योजना 1952 में आने वाले सभी नए व्यक्ति अनिवार्य रूप से कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के सदस्य होंगे।

प्रत्येक कर्मचारी जिसकी 1–4–93 से 15–11–95 के दौरान कर्मचारी परिवारी पेंशन योजना 1971 की सदस्यता समाप्त हो चुकी हो, को 31–3–93 तक कर्मचारी पेंशन योजना 1995 का सदस्य बनाने का विकल्प दिया गया है।

कर्मचारी भविष्य निधि योजना 1952 का वर्तमान सदस्य जो परिवार पेंशन योजना 1971 का सदस्य नहीं था, कर्मचारी पेंशन योजना का सदस्य होने के लिए विकल्प दे सकता है।

3. **विकल्प अपेक्षाएं :**

1–4–93 से 15–11–95 के दौरान जिन सदस्यों की मृत्यु हुई है उन्हें मृत्यु की तिथि से कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत आने के लिए दिया गया विकल्प ही समझा जाएगा।
सदस्य जो जीवित हैं और कर्मचारी पेंशन योजना 1995 का सदस्य बनने के लिए विकल्प देना चाहते हैं वे पैसा निकालने की तिथि से 8.5 प्रतिशत की दर से राशि जमा करवाकर नौकरी छोड़ने की तिथि से सदस्य बन सकते हैं। सदस्य समाप्त हो गई कर्मचारी परिवार पेंशन योजना 1971 जो 1–3–1971 से प्रभावी थी, के अंतर्गत ब्याज सहित अंशदान जमा करवाकर भी कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के सदस्य बन सकते हैं।

**4. अंशदान :**

कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत कर्मचारी को पृथक रूप से अंशदान करना जरूरी नहीं है। नियोक्ता द्वारा दिया गया भविष्य निधि अंशदान 8.33 प्रतिशत प्रत्येक मास पेंशन निधि में डाल दिया जाता है।

**5. पेंशन हेतु सेवा अवधि :**

16–11–95 के पश्चात की गई सेवा अवधि को समाप्त परिवार पेंशन योजना 1971 के अंतर्गत दिया गया अंशदान तथा सेवा अवधि यदि कोई है तो उसको भी पेंशन हेतु सेवा समझा जाएगा।

58 वर्ष की आयु पूर्ण होने तथा 10 वर्ष की न्यूनतम सेवा के पश्चात व्यक्ति पेंशन हेतु पात्र है।

6 मास या उससे अधिक की सेवा को एक वर्ष माना जाएगा तथा 6 मास से कम की सेवा पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

**6. पेंशन योग्य वेतन :** कर्मचारी पेंशन निधि की सदस्यता से मुक्त होने की तिथि से अंश दर के आधार पर की गई सेवा सहित पहले के 12 मास के दौरान प्राप्त वेतन का औसत होगा। अधिकतम पेंशन योग्य वेतन की सीमा पांच हजार रुपये प्रतिमाह होगी।

**7. लाभ मासिक सदस्य पेंशन :** जिस सदस्य ने 10 वर्षों तक कम से कम पेंशन योग्य वेतन प्राप्त किया है और उसकी आयु 58 वर्ष हो चुकी है तो उसे मासिक पेंशन मिलती है। पेंशन निम्नलिखित सूत्र के आधार पर तैयार की जाएगी :–

$$\text{सदस्य की मासिक पेंशन} = \frac{\text{पेंशन योग्य वेतन X पेंशन योग्य सेवा}}{70}$$

**पेंशन योजना प्रमाण पत्र**

जिस सदस्य ने वार्धक्य की आयु पूरी नहीं की है उसे सेवा से बाहर होने की तिथि पर पेंशन राशि को दिखाते हुए एक प्रमाण पत्र जारी किया जाता है। प्रमाण पत्र में दी गई सेवा की अवधि कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत लाई गई स्थापना में सदस्य द्वारा पुनः यदि कोई नई सेवा की जाती है तो उसे पेंशन निर्धारित करने में जोड़ा जाएगा।

**अशक्तता पेंशन :**

नौकरी के दौरान स्थायी एवं पूर्ण अपंगता होने पर सदस्य अशक्तता पेंशन का पात्र है। ऐसा सदस्य नियमानुसार न्यूनतम 250 रुपये प्रतिमाह पेंशन प्राप्त करने का पात्र होगा। एक माह के

अंशदान पर भी सदस्य इस श्रेणी के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने का हकदार होगा। इसके लिए सदस्य को कर्मचारी राज्य बीमा निगम के अंतर्गत गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी अशक्तता/अपंगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित होगा।

**विधवा/विधुर पेंशन** : सदस्य की विधवा/विधुर सदस्य की मृत्यु की तारीख से पेंशन का/की पात्र होगा/होगी चाहे मृत्यु सेवा के दौरान हुई हो अथवा नौकरी से बाहर होने पर या सेवानिवृत्ति के बाद हुई हो। सेवा निवृत्ति से पूर्व सदस्य की मृत्यु होने की दशा में जितनी पेंशन को प्राप्त करने का वह पात्र था, विधवा/विधुर पेंशन कम से कम रुपये 250/– सदस्य की पेंशन के बराबर होगी। सेवानिवृत्ति के पश्चात मृत्यु होने पर विधवा/विधुर की पेंशन सदस्य की पेंशन की आधी होगी पर न्यूनतम 250/– रुपये से कम नहीं होगी। इस श्रेणी के अंतर्गत पेंशन जीवन भर अथवा पुनर्विवाह जो भी पहले हो, दी जाएगी।

**''यह लाभ विधवा/विधुर जो भी हो, उस पर लागू होगा।''**

**शिशु पेंशन :**

मृतक सदस्य के दो बच्चे, विधवा/विधुर पेंशन के अतिरिक्त 25 वर्ष की आयु तक शिशु पेंशन प्राप्त करने के पात्र होंगे। प्रत्येक शिशु के पेंशन की राशि विधवा/विधुर को देय राशि का 25 प्रतिशत होगी किन्तु यह राशि न्यूनतम 115/– रुपये प्रतिमाह से कम नहीं होगी।

**अनाथ पेंशन :**

अनाथ बच्चों को विधवा/विधुर पेंशन की राशि के 75 प्रतिशत के समान मासिक अनाथ पेंशन न्यूनतम 170/– रुपये प्रतिमाह देय होगी। इस श्रेणी के अंतर्गत अधिकतम दो अ नाथ बच्चों को 25 वर्ष की आयु तक पेंशन दी जाएगी।

**नामित पेंशन :**

यदि सदस्य अविवाहित है अथवा उसका परिवार नहीं है, कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत सदस्य यह लाभ प्राप्त करने के लिए किसी भी व्यक्ति को नामित कर सकता है। सदस्य की मृत्यु होने की अवस्था में वह नामित व्यक्ति विधवा/विधुर पेंशन के समान पेंशन प्राप्त करने का हकदार होगा।

**8. पेंशन का रूपान्तरण :**

पेंशन का रूपान्तरण 16 नवम्बर 1998 से प्रारम्भ है। सदस्य कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत वार्धक्य निवृत्ति पर पेशन का अधिकतम एक तिहाई तक रूपान्तरण करने के लिए विकल्प दे सकता है। रूपान्तरण पेंशन राशि सौ गुणा होगी। पेंशन का शेष भाग रूपान्तरण के बाद माहवार दिया जाएगा।

**9. पूंजीगत वापसी :**

वार्धक्य निवृत्ति पर मासिक पेंशन के पात्र सदस्य घटी दर पर पेंशन का विकल्प दे सकते हैं और पहले से प्राप्त कर रहे रूपांतरित पेंशन के अतिरिक्त 'पूंजीगत वापसी' भी प्राप्त कर सकते हैं। योजना इस श्रेणी के अंतर्गत तीन विकल्प प्रदान करती है।

**10. निकासी लाभ :**

कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अधीन केवल वही सदस्य निकासी लाभ प्राप्त करने का हकदार है जिसने 58 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक कम से कम दस वर्षों की पेंशन योग्य सेवा पूर्ण नहीं की हो।

**11. पेंशन लाभ की गारन्टी :**

कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अधीन सदस्य नियोक्ता द्वारा बकाया राशि जमा न करने पर भी लाभ प्राप्त करने का पात्र होगा। नियोक्ता पर बकाया राशि कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत अलग से निर्धारित प्रक्रिया द्वारा वसूल की जाएगी।

**12. बैंकों के माध्यम से पेंशन की अदायगी :**

पेंशन भोगियों को मासिक पेंशन वितरण के लिए विशेष राज्य में राष्ट्रीयकृत बैंकों को विस्तृत कार्य के लिए चिन्हित किया गया है। सदस्यों को उस बैंक में खाता खोलना जरूरी है जहां से वह पेंशन प्राप्त करना चाहते हैं और फार्म संख्या 10 घ में आवेदन पत्र में विकल्प देते हैं। कर्मचारी पेंशन योजना 1995 के अंतर्गत पेंशन के वितरण हेतु निम्नलिखित बैंकों को चिन्हित किया गया है :–

| क्रम संख्या | क्षेत्र का नाम | राष्ट्रीयकृत बैंक का नाम |
|---|---|---|
| 1. | आन्ध्र प्रदेश | 1. आन्ध्र बैंक |
| | | 2. भारतीय स्टेट बैंक |
| 2. | बिहार | 1. पंजाब नेशनल बैंक |
| 3. | दिल्ली | 1. पंजाब नेशनल बैंक |
| | | 2. भारतीय स्टेट बैंक |
| 4. | गुजरात | 1. देना बैंक |
| 5. | हरियाणा | 1. पंजाब नेशनल बैंक |
| | | 2. भारतीय स्टेट बैंक |
| 6. | हिमाचल प्रदेश | 1. पंजाब नेशनल बैंक |
